न्यायालय सहायक कलक्टर एव उपखण्ड अधिकारी मसूदा अजमेर

राजस्व प्रार्थना पत्र सख्या .....21 / 2016

1. मीठू पुत्र श्री हिन्दू जी भाम्बी
2. श्रीमति शान्ति पत्नी स्व. तेजू भाम्बी
3. राजेन्द्र पुत्र स्व. श्री तेजू भाम्बी
4. बालू पुत्र श्री हिन्दू भाम्बी
5. नानू पूत्र श्री गम्भीरा भाम्बी
6. श्रीमति सायरी पत्नी श्री गम्भीरा भाम्बी
7. महेन्द्र पुत्र श्री देवा भाम्बी
8. श्रीमति नाथी पत्नी श्री देवा भाम्बी
9. कैलाश पुत्र श्री रंगलाल भाम्बी
10. रामदेव पुत्र श्री रंगलाल भाम्बी
11. श्रीमति सोहनी पत्नी श्री रंगलाल भाम्बी
12. नारायण पुत्र श्री भागू भाम्बी
13. श्रीमति दाखी पत्नी स्व. श्री हुकमा भाम्बी
14. पप्पू पुत्र स्व. श्री हुकमा भाम्बी
15. गोपाल पुत्र स्व. श्री हुकमा भाम्बी
16. श्यामलाल पुत्र श्री हुकमा भाम्बी

सभी जाति भाम्बी एवं निवासीगण ग्राम अमरपुरा, ग्राम पंचायत – देवास, तहसलील बिजयनगर, जिला अजमेर ।

........वादीगण

बनाम

1. उगमा पुत्र श्री सांवता गूर्जर
2. मूला पुत्र श्री देवा जी गूर्जर
3. घीसू पुत्र श्री देवा जी गूर्जर
4. हेमा पुत्र श्री जीया गूर्जर
5. जेरमा पुत्र श्री जीया गुर्जर
6. काना पुत्र श्री सूरजकरण गुर्जर

सभी जाति गुर्जर एवं निवासीगण ग्राम अमरपुरा, ग्राम पंचायत–देवास, तहसील बिजयनगर, जिला अजमेर ।

7. राजस्थान सरकार जरीये श्रीमान् तहसीलदार महोदय, बिजयनगर, तहसील बिजयनगर, जिला अजमेर ।

..........प्रतिवादीगण

उपखण्ड अधिकारी
मसूदा (अजमेर)

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956

आदेश

दिनांक 04.08.2016

प्राथीगण ने इस प्रा0पत्र में सारांशतः निवेदन किया है कि ग्राम अमरपुरा पटवार क्षेत्र अमरपुरा पटवार क्षेत्र रूपाहेलीकलां भू.अ.नि. जीवाणा तहसील बिजयनगर जिला अजमेर स्थिति विवादास्पद आराजी ख.नं. 122/680 रकबा 2–16–00 122/681 रकबा 05 बीस्वा व 122/716 रकबा, 10–07–00 बीघा व ख.नं. 122 रकबा 03 बिस्वा भूमियां प्रार्थीगण की पुश्तैनी कब्जे काश्त एवं खातेदारी की भूमियां है जिन पर वे शांति पूर्वक काश्त करते चले आ रहे है लेकिन इनकी सीमा को लेकर अप्रार्थीगण छोटी मोटी बात को लेकर विवाद करते रहते है । सीमा समझाईश में भी कोई अड़चन नहीं है । अप्रार्थीगण के विवाद के कारण प्रा. पत्र लाना पड़ा । अतः पत्थरगढ़ी करवाने के आदेश प्रदान कराने एवं विवादित आराजियात बाबते यह घोषित करावें कि अप्रार्थीगण का इनसे कोई लेना नहीं है ।

उपस्थित वकील वादीगण को सुना गया । पत्रावली का अवलोकन किया गया । मौजा अमरपुरा पटवार क्षेत्र रूपाहेलीकंला तहसील बिजयनगर की जमाबंदी संवत् 2071–74 के खाता सं. 149 में ख.नं. 122/680, 122/681 व 122/716 किता 03 रकबा 18.03.00 बीघा एवं खाता सं. 148 रकबा 03 बिस्वा में प्रार्थीगण खातेदार अंकित है एसी स्थिति में प्रार्थीगण अपनी आराजियात की पत्थरगढ़ी करवाने के अधिकारी पाये जाते है ।

अतः प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र आंशिक रूप से स्वीकार किया जाता है और प्रकरण में विवादित आराजी के लिए तहसीलदार बिजयनगर को रू0 3000/–कमीशन पर मौका कमीश्नर नियुक्त किया जाता है तथा उसे निर्देशित किया जाता है कि वह ग्राम अमरपुरा पटवार क्षेत्र रूपाहेलीकलां स्थित आराजी ख.नं. 122/680 रकबा 2–16–00 व 122/681 रकबा 05 बिस्वा व 122/716 रकबा 10–07–00 बीघा 122 रकबा 03 बिस्वा का मौके पर सीमांकन कर नियमानुसार पत्थ गढ़ी करवाना सुनिश्चित करावें ।

निर्णय आज दिनांक 04.08.2016 को न्यायालय हाजा पर सुनाया जाता है ।

(सुरेश चावला)
न्यायालय सहायक कलक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी मसूदा अजमेर

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं उ.म.म. मसूदा (अजमेर)

Signature Not Verified
Digitally signed by Mohan Lal Khatnawalia
Date: 2020.02.06 16:42:14 IST
Reason: SelfAttested
Location: